# आकाशवाणी शिमला

## 01.11.2025/प्रादेशिक समाचार/9.20 बजे

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आर्य समाज एक ऐसा संगठन है कि जो निर्भीक होकर भारतीयता की बात करता है। कल दिल्ली में अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि लाला लाजपत राय और राम प्रसाद बिसमिल जैसे क्रांतिकारियों ने आर्य समाज से प्रेरणा ग्रहण की। उन्होंने कहा कि आर्य समाज के 150 वर्ष पूरे होने का अवसर केवल समाज या संप्रदाय के एक हिस्से से नहीं बल्कि समग्र भारत की वैदिक पहचान से जुड़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वामी दयानन्द महान स्वप्नदर्शी थे। उन्होंने समझ लिया था कि भारत की सच्ची प्रगति के लिए केवल औपनिवेशिक शासन से मुक्त होना नहीं, बल्कि समाज में जड़ जमाए अन्यायों से छुटकारा पाना भी जरूरी है।

*स्वामी दयानन्द जी युगदृष्टा महापुरूष थे। वो जानते थे, चाहे व्यक्ति निर्माण हो या समाज निर्माण, उसके नेतृत्व में नारी शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका होती है। इसलिए उन्होंने महिलाओं को घर की चौखट तक सीमित समझने वाली सोच को ही चुनौती दी। आर्य समाज के स्कूलों में लड़कियों को शिक्षा देने का अभियान शुरू किया।*

....

**रेणुका**

भगवान परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा के साथ कल से 6 दिवसीय अंतर्राष्टीय रेणुका जी मेला शुरू हो गया। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने भगवान परशुराम जी की पालकी को कंधा देकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। मुख्य बाजार से होते हुए शोभायात्रा त्रिवेगी संगम पहुंची जहां माता रेणुका और बेटे परशुराम के भव्य मिलन के हजारो लोग साक्षी बने। इस दौरान माता रेणुका जी और भगवान परशुराम के उदघोषों से सारा वातावरण गूंज उठा।

.....

**महोत्सव**

राज्यस्तरीय किन्नौर महोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। संध्या में स्थानीय कलाकारों के अलावा राष्ट्रीय जनजातीय उत्सव के तहत बिहार व उत्तराखंड राज्यों के कलाकारों ने थारो होली नृत्य, व प्रदेश के चंबा के पांगी–भरमौर, किन्नौर के लिप्पा गांव और स्पीति–काजा के आए कलाकारों ने अपनी–अपनी जनजातीय प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

.....

**जीएसटी**

नरेन्द्र मोदी सरकार ने 22 सितंबर को कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में सुधार के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत की थी। इससे पूरे देशभर में लोगों को लाभ हुआ। आज हम बता रहे हैं इन सुधारों से स्वास्थ्य क्षेत्र में लोगों को फायदा मिला है।

*नये जीएसटी सुधारों के अंतर्गत, सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ी कर कटौती कर लोगों को बड़ी राहत दी है। नये कर ढांचे के अंतर्गत सरकार ने स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर पहले लगने वाले 18 प्रतिशत जीएसटी को खत्म कर अब पूरी तरह से कर–मुक्त कर दिया गया है। यह निर्णय स्वास्थ्य बीमा को अपनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करेगा और लोगों के इलाज पर होने वाले खर्च को भी कम करेगा। जीएसटी 2.0 में सरकार ने कैंसर और गंभीर दीर्घकालीक बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 33 जीवन रक्षक दवाओं को भी पूरी तरह से कर मुक्त कर दिया है। वहीं सरकार ने गॉज, पट्टियाँ, डायग्नोस्टिक किट, ग्लूकोमीटर और थर्मामीटर जैसी विभिन्न दवाओं और चिकित्सा उपकरणों पर भी जीएसटी को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है।*

.....

**प्रतियोगिता**

चंबा जिला के ऐतिहासिक चौगान मैदान में चल रही 3 दिवसीय 40वीं राज्य स्तरीय अंडर–14 खेलकूद प्रतियोगिता का आज समापन होगा। इस प्रतियोगिता में खो–खो, कब्बडी सहित विभिन्न स्पर्धायें शामिल हैं जिसमें लगभग 6 सौ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। आकाशवाणी से हमारे संवाददाता को प्रतिभागियों ने बताया कि वे प्रतियोगिता में भाग लेकर काफी उत्साहित हैं और वे अच्छा प्रदर्शन करेंगे ताकि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता मे उनका चयन हो सके।

***हम सोलन डिस्ट्रिक से आए है।हम अंडर–14 टुर्नामैंट में भाग लेने आए हैं। हम खो–खो खेलते हैं। हमें अभी यांह बहुत अच्छा लग रहा है।***

**सुर्खियां समाचार पत्रों से ........**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग ख़बरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला ने प्रदेश उच्च न्यायालय के हवाले से सुर्खी दी है– **एच.आर.टी.सी. कर्मियों को जल्द दे बकाया एरियर।**

दैनिक जागरण का शीर्षक है–**कागजों को छोड़ डिजिटल हुई हिमाचल प्रदेश पुलिस।**

दैनिक भास्कर लिखता है–**देव संसद में देवताओं ने देव स्थलों से छेड़छाड़ व पर्यटन गतिविधियों को बताया आपदा का कारण।**

**शोभायात्रा के साथ अन्तर्राष्ट्रीय रेणुकाजी मेले का आगाज** शीर्षक से पंजाब केसरी लिखता है– मां रेणुकाजी और भगवान परशुराम के उदघोषों से गूंजी रेणुका घाटी।

––––––––––––––